# नवाचार को नया आयाम देंगे : योगी

- सीएसआइआर स्टार्टअप कान्क्लेव में सीएम ने कहा-शोध को उत्पाद में बदलें
- सरकार हर योग्य स्टार्टअप के साथ, विज्ञान एवं तकनीक में हो ज्यादा निवेश

जागरण संवाददाता, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि हेल्थकेयर, एग्री, बायोटेक, ब्यूटी और एनवायरनमेंट जैसे क्षेत्रों में स्टार्टअप्स ने उल्लेखनीय कार्य किया है। प्रगतिशील किसानों के प्रयासों से अन्य किसानों का जीवन भी बदल रहा है। पहले अनुसंधान लैब तक सीमित रह जाता था, लेकिन अब 'लैब टू लैंड' और 'लैब टू इंडस्ट्री' की दिशा में काम हो रहा है। यही सहयोगी भावना स्टार्टअप्स को बाजार से जोड़ेगी और उनकी सफलता तय करेगी।

सोमवार को सीएसआइआर स्टार्टअप कान्क्लेव 2025 के समापन समारोह में उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार केवल नीतियां नहीं बना रही, बल्कि युवाओं, उद्यमियों और वैज्ञानिकों के विचारों को पंख दे रही है। सरकार हर योग्य स्टार्टअप के साथ खड़ी है। प्रयोगशाला से उद्योग तक युवाओं का साथ दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर शोध उत्पाद बने, हर उत्पाद उद्योग बने और हर उद्योग भारत की शक्ति बने। यही विकसित भारत और विकसित यूपी का मंत्र है। मुख्यमंत्री ने बताया, चारों केंद्रीय प्रयोगशालाओं एनबीआरआइ, सीडीआरआइ, आइआइटीआर और सीमैप के निदेशकों ने भविष्य की कार्ययोजना प्रस्तुत किया। विज्ञान और तकनीक में जितना निवेश होगा, समाज उतना प्रगतिशील बनेगा और वही देश दुनिया का नेतृत्व करेगा।




सीएसआइआर-एनबीआरआइ में आयोजित स्टार्टअप कांक्लेव-2025 में योगी आदित्यनाथ को फूलों से बने उनके चित्र को देकर सम्मानित करते सीएसआइआर-एनबीआरआइ के निदेशक एके शासनी, साथ में केंद्रीय राज्यमंत्री डा.जितेन्द्र ●जागरण

सीएम ने बताया, एनबीआरआइ ने जैविक खेती को बढ़ावा देते हुए नौ लाख एकड़ भूमि पर किसानों को जैविक खाद उपयोग के लिए प्रेरित किया। सीडीआरआइ नई दवाओं के शोध पर काम कर रहा है, जिससे फार्मा पार्क और मेडिकल डिवाइस पार्क को बढ़ावा मिल रहा है। आइआइटीआर ने आर्सेनिक और फ्लोराइड की समस्या वाले क्षेत्रों में महत्वपूर्ण शोध किया है, वहीं सीमैप ने पिपरमिंट और स्पिरिचुअल टूरिज्म से जुड़े उत्पादों पर नई दिशा दी है। मुख्यमंत्री योगी व केंद्रीय विज्ञान व प्रौद्योगिकी मंत्री डा. जितेंद्र सिंह की उपस्थिति में एनबीआरआइ का तकनीक को लेकर रायपुर की श्री गणेशा फायर वर्क्स लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन हुआ।

संबंधित सामग्री » जागरण सिटी।